पृथक कैडर, नियमितीकरण और 4600 ग्रेड पे की मांग को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों धरना

लखनऊ। राजधानी के इको गार्डन में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का धरना-प्रदर्शन रविवार को 28वें दिन भी पूरी ऊर्जा के साथ जारी रहा। संयुक्त मोर्चा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों उत्तर प्रदेश के बैनर तले चल रहे इस आंदोलन में प्रदेशभर से भारी संख्या में स्वास्थ्य अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें महिला ष्ट।ह्व की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय और बड़ी संख्या में है। प्रदर्शनकारियों के नारों से इको गार्डन का इलाका गूंज रहा है और वे सरकार से अपनी तीन सूत्रीय मांगों पर तत्काल ठोस निर्णय लेने की मांग कर रहे हैं। ?ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैंआंदोलनकारियों का कहना है कि वे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में लगातार प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोग), टेली-कंसल्टेशन, मानसिक स्वास्थ्य और सरकार के विभिन्न 27 प्रकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टलों व कार्यक्रमों का संचालन करने में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें अपनी जायज मांगों के लिए सड़कों पर उतरने को विवश होना पड़ रहा है। इतने दिनों से धरना जारी रहने के बावजूद अभी तक शासन स्तर से किसी ठोस वार्ता या समाधान की पहल न होने से कर्मियों में रोस-व्याप्त है।

वेतन के लिए प्रदर्शन, चालक-परिचालकों ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह का किया प्रयास

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के कैसरबाग डिपो में समय से वेतन नहीं मिलने और कथित उत्पीड़न से नाराज चालक-परिचालकों का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। कर्मचारियों ने कार्यशाला का गेट बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसी दौरान दो कर्मचारियों ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। यह देख परिसर में अफ़रा-तफ़री मच गई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों और अन्य स्टाफने हस्तक्षेप कर दोनों को बचा लिया। सूचना पर पहुंची वजीरगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) सतीश पाल पर लगातार प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि उन्हें रूट से हटाने समेत अन्य तरीकों से परेशान किया जा रहा है। समय से वेतन नहीं मिलने से भी कर्मचारियों को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं समस्याओं को लेकर रविवार सुबह करीब 11 बजे कर्मचारियों ने कार्यशाला का गेट बंद कर विरोध जताया। इस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना के बाद परिवहन निगम की कार्यप्रणाली और कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। कर्मचारियों की शिकायतों का समाधान नहीं होने से नाराजगी बढ़ने की बात सामने आई है। हालांकि, पूरे मामले में अधिकारियों का पक्ष और कर्मचारियों के आरोपों की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इस संबंध में एआरएम सतीश पाल ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

एयर-शो के कारण वाराणसी की इंडिगो की 2 फ्लाइट लखनऊ डायवर्ट

लखनऊ। वाराणसी हवाई अड्डे पर वीआईपी मूवमेंट के कारण रविवार को इंडिगो की दो उड़ानों को लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। दोनों विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर खड़े हैं और उनमें सवार यात्री अभी भी अंदर फंसे हैं। उन्हें आगे की यात्रा के लिए फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई5025 दिल्ली से वाराणसी जा रही थी, जो सुबह 10.15 बजे लखनऊ उतरी। दूसरी उड़ान 6ई915 हैदराबाद से वाराणसी आ रही थी, जो सुबह 10.16 बजे लखनऊ पहुंची। दोनों विमान दोपहर करीब 2.45 बजे के बाद थोड़ी-थोड़ी देर के अंतराल पर लखनऊ से वाराणसी के लिए रवाना हो गए। सूत्रों

गहरे गड्ढे में डूब कर मासूम बच्चे की मौत

गोसाईंगंज लखनऊ। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के टंट का पुरवा मजरा गौरियाकला में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। सरकारी तालाब के गड्ढे में भरे पानी में डूबने से 9 साल के मासूम अंकुश की मौत हो गई। वह अपने दोस्तों और बहन के साथ नहाने गया था। हादसे के बाद से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।जानकारी के अनुसार टंट का पुरवा मजरा निवासी सतीश कुमार का 9 वर्षीय बेटा अंकुश रविवार सुबह अपने दोस्तों आर्यन ;7, आलोक ;8, और बहन अनुष्का ;10, के साथ गांव के सरकारी तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे गड्ढे में चला गया। साथ रहे बच्चों ने बचाने की कोशिश की और शोर मचाया लेकिन जब तक गांव वाले पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने बताया कि यह सरकारी तालाब शुरू से ही खतरे का सबब बना हुआ है। आज तक इस तालाब की न तो बैरिकेडिंग की गई है और न ही कोई बाउंड्री वॉल बनाई गई है। न कोई चेतावनी बोर्ड लगा है। अगर सुरक्षा के इंतजाम होते तो मासूम की जान बच सकती थी।अंकुश भमरौली स्थित राम अधीन मोंटेसरी स्कूल में कक्षा 2 का छात्र था। पिता सतीश मजदूरी करते हैं और मां अनीता गृहिणी हैं। अंकुश अपने माता.पिता का इकलौता बेटा था।

जल के प्रति समाज में अपनत्व जगाना होगा

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने कहा कि जल संकट का समाधान केवल सरकारी योजनाओं और तकनीकी उपायों से संभव नहीं है। इसके लिए समाज की सोच, संस्कार और जीवनशैली में बदलाव लाना होगा। पानी को केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन और संस्कृति का आधार मानकर उसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। भारतीय संस्कृति में नदियों को मां के समान पूजनीय और जल को जीवन का आधार माना गया है। इस सांस्कृतिक दृष्टि को व्यवहार में उतारकर जल संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था विकसित की जा सकती है।सुनील आम्बेकर रविवार को लखनऊ स्थित भागीदारी भवन में राष्ट्रधर्म मासिक पत्रिका के विशेषांक 'जल है तो कल है' के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल संकट केवल पानी की कमी का विषय नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारे व्यवहार और सामाजिक जिम्मेदारी से भी जुड़ा है।

प्रदेश सरकार एक-कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं को समाप्त कर रही-अतुल मिश्रा

लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ.प्र. के महामंत्री अतुल मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार पर कर्मचारियों को मुद्दतों से मिल रही सुविधाएं एक-एक कर समाप्त करने का आरोप लगाया है। उन्होने कहा कि सुविधायें समाप्त किये जाने से प्रदेश के लाखों कर्मचारी परिवार आक्रोशित हैं। अभी हाल में सेवारत/सेवानिवृत्त कर्मचारियों के इलाज की प्रतिपूर्ति की सुविधा समाप्त करने की नीति बना रही है। उन्होने बताया कि सेवारत/सेवानिवृत्त कर्मचारियों के इलाज पर व्यय की प्रतिपूर्ति की व्यवस्था को ऑनलाइन कर दिया गया है। जिससे कर्मचारियों को लाभ लेने के लिये काफी परेशानी उठानी पड़ रही है, क्योंकि जनपद मुख्यालय से लेकर तहसील,ब्लाक स्तर पर तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत हैं। वही पर नेट, कम्प्यूटर व आनलाइन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसी के चलते आज तक परिषद की माँग पर कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का निर्णय वर्ष 2017 में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया था जो की आज भी धरातल पर नहीं उतर पाया है। उन्होने बताया कि कर्मी जिस अस्पताल में भी कार्ड दिखाता है वहाँ यही जवाब मिलता है कि यह सुविधा उपलब्ध नहीं है । ऐसी स्थिति में इस तरह की व्यवस्था लागू करना न्यायोचित नहीं होगा । जिसके करण बीमार कर्मचारी के इलाज पर हुआ व्यय की प्रतिपूर्ति आसानी से नहीं हो पा रही है। वह आर्थिक संकट में पड़ जाएगा। उन्होने बताया कि पहले इलाज पर हुए बिल को विभाग के माध्यम से मुख्य चिकित्सा अधिकारी की संस्तुति हो जाने पर विभाग उस बिल को कोषागार भुगतान हेतु भेज देता था। अब जो व्यवस्था की गई है उससे भुगतान में महीना लग जाएगा, जिससे उसके इलाज में बाधा पड़ जाएगी। यह संशोधित आदेश स्वीकार नहीं है। उन्होने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि इस व्यवस्था समाप्त कर पुरानी व्यवस्था को तत्काल लागू किया जाये व विगत वर्ष कोविड काल में काटे गए भत्ते एवं डीए को बहाल किया जायें।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनायी

लखनऊ। जिसकी जितनी संख्या उसकी उतनी हिस्सेदारी हर क्षेत्र में होनी चाहिए, समाज में एक समान शिक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। यह बातें जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा ने महात्मा फुले फाउंडेशन के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर ऑडिटोरियम ला कालेज में आयोजित डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती में व्यक्त कीं। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा डॉ.अब्दुल कलाम जिन्हें हम सब मिसाइल मैन इण्डिया के नाम से जानते हैं, भारत के महान वैज्ञानिक, शिक्षाविद् एवं 11वें राष्ट्रपति थे। उन्हे 1997 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। जिन्होने अग्नि और पृथ्वी जैसी स्वदेशी मिसाइलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा संस्थापक जन अधिकारी पार्टी ने डॉ.अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, सादगी, मेहनत, शिक्षा और राष्ट्रसेवा की मिसाल है। उन्होंने देश के वैज्ञानिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया और अपने विचारों से देश के करोड़ों युवाओं को सपने देखने तथा उन सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी।

सीएमएस गोमती नगर प्रथम कैम्पस बना देश का नं.1 आइवी लीग स्कूल

लखनऊ। सीएमएस गोमती नगर प्रथम कैम्पस ने एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा जारी इण्डिया स्कूल रैंकिंग्स 2026-27 में आइवी लीग डे स्कूल्स कैटेगरी में राष्ट्रीय स्तर पर नं.1 रैंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री सोमा चन्द्रा ने नई दिल्ली में शैक्षिक पत्रिका द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में यह पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र ग्रहण किया। यह सम्मान कैम्पस के एजुकेशन वर्ल्ड की आइवी लीग कैटेगरी में प्रवेश को दर्शाता है। जो लगातार कई वर्षों तक शीर्ष रैंक वाले विद्यालयों के रूप में अपना स्थान बनाए रखने वाले विद्यालयों के लिए आरक्षित है। विद्यालयों का मूल्यांकन शैक्षिक प्रतिष्ठा, शिक्षकों की दक्षता, नेतृत्व क्षमता, आधारभूत सुविधाओं, शिक्षक विकास एवं सह.पाठ्यचर्या शिक्षा जैसे विभिन्न मानकों पर किया जाता है। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा.भारती गाँधी व मैनेजिंग डायरेक्टर प्रो.गीता गाँधी किंगडन ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों के समर्पण एवं निरन्तर प्रयासों को देते हुए कहा कि उन्हीं के प्रयासों ने विद्यालय को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाई है। यह जानकारी सीएमएस के हेड कम्यूनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी।

बनारस से लखनऊ तक आस्था, संकल्प और श्रद्धा की यात्रा

लखनऊ। आशुतोष पाठक बनारस के पवित्र संत रविदास घाट पर माँ गंगा की आरती एवं पूजा-अर्चना करेंगे।इस पावन अवसर पर माँ गंगा से प्रार्थना करेंगे, उत्तर प्रदेश के कल्याण, सुख-समृद्धि और सामाजिक न्याय के लिए मायावती को पाँचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद प्रदान करें।साथ ही माँ गंगा से पवित्र गंगाजल प्राप्त करने की विनती करेंगे। इस गंगाजल को लेकर बनारस से 1090 चौराहा, लखनऊ स्थित प्रस्तावित मायावती मंदिर तक गंगाजल यात्रा करने का संकल्प है।यात्रा का उद्देश्य माँ गंगा का आशीर्वाद प्राप्त करना। पवित्र गंगाजल को श्रद्धापूर्वक लखनऊ तक पहुँचाना।

माता के जागरण में भक्तों की उमड़ी भीड़

लखनऊ । इंद्रानगर सेक्टर बारह सुभाष चन्द्रबोस पार्क में विशाल माँ भगवती का जागरण एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। आयोजक सुभाष शर्मा, प्रवीण शुक्ला, राजीव अग्रवाल, अम्बरवीर सिंह, प्रवीण सैनी, सुमित अग्रवाल, डॉ0 सोहन, अनुज गुप्ता, अमित गुप्ता, रविभूषण सिंह, राकेश सिंह, प्रदीप मौर्या ने बताया कि माता के जागरण में माता के भक्ति गीतों में भक्त झूमे। आयोजित भंडारे में भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

एलयू के शोधकर्ताओ ने खोजा नींबू की शेल्फ लाइफ बढ़ाने का प्राकृतिक उपाय

किसानों को कटाई के बाद फलों के भण्डारण में मिलेगी मदद

लखनऊ(आज समाचार सेवा)। लखनऊ विश्वविद्यालय के शोधकर्ता पौधों से प्राप्त आवश्यक तेलों की मदद से नींबू को लंबे समय तक ताजा रखने और कटाई के बाद होने वाली बर्बादी को कम करने की संभावनाओं पर अध्ययन कर रहे हैं। इस संयुक्त शोध में लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो प्रदीप कुमार और जैव रसायन विभाग की डॉ मधु कमले के साथ शोधार्थी चिकांशी शर्मा, रितुराज बोरा और पूर्णमश्री गोगोई ने भाग लिया। टीम ने नींबू में फफूंद के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए पौधों से प्राप्त तेलों की प्रभावशीलता का अध्ययन किया। नींबू का उपयोग घरों, रेस्तरां और खाद्य उद्योगों में बड़े पैमाने पर किया जाता है। हालांकि भंडारण और परिवहन के दौरान इनमें हरे रंग की फफूंद लग सकती है। यह संक्रमण नामक पेनसीलियम डिजिटेटम नामक फफूंद के कारण होता है जिससे फल खराब हो सकते हैंए उनका बाज़ार मूल्य घट सकता है और खाद्य पदार्थों की बर्बादी बढ़ सकती है। शोधकर्ताओं ने यह पता लगाने का प्रयास किया कि क्या पौधों से प्राप्त आवश्यक तेल इस समस्या को कम कर सकते हैं। इन तेलों में प्राकृतिक यौगिक पाए जाते हैं, जो फफूंद की वृद्धि को रोकने या धीमा करने में मदद कर सकते हैं। इस शोध से संकेत मिलता है कि लौंग और लेमनग्रास जैसे पौधों से प्राप्त तेल भविष्य में नींबू को फफूंद से बचाने का एक प्राकृतिक विकल्प बन सकते हैं।

डिप्टी सीएम ने दी वाल्मीकि जयन्ती पर देश व प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश व प्रदेशवासियों को महर्षि बाल्मीकि जयन्ती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री मौर्य ने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर देश और दुनिया को सत्य के रास्ते पर चलने का महत्वपूर्ण सन्देश दिया। भगवान श्रीराम की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुंचाने मे महर्षि वाल्मीकि ने अपनी प्रज्ञा के आलोक से सबको आलोकित किया था। भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन को रेखांकित कर उन्होने सामाजिक जीवन मूल्यो व आदर्शो को चिर स्थायित्व प्रदान करने का जो कार्य किया वह आज भी हम सबके लिए अनुकरणीय है, प्रेरणादायक है। भगवान श्री राम से हमें सदैव धर्म का अनुसरण करते हुए सदाचारपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है।

पार्कों, शहीदों और महापुरुषों की मूर्तियों की सफाई का अभियान शुरू

लखनऊ। इंदिरानगर आवासीय महासमिति ने स्वच्छता अभियान के क्रम में रविवार को इंदिरानगर सेक्टर-13 दुर्गा पार्क में सफाई अभियान चलाया। महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि महासमिति वर्षों से स्वच्छता अभियान के तहत पार्कों की सफाई, शहीदों और महापुरुषों की मूर्तियों की सफाई कर रही है, जिसमें मोहल्ला सुधार समिति के सदस्य भी हिस्सा ले रहे हैं। स्वच्छता अभियान में नगर निगम कर्मियों के सहयोग से दुर्गा पार्क में झाड़ू लगाकर सफाई की गई। इस दौरान महासमिति ने मोहल्ला सुधार समितियों और नगर निगम से से अनुरोध किया है कि स्वच्छता अभियान से जुड़े ताकि डेंगू जैसी बीमारी को जड़ से मिटाया जा सके। नगर आयुक्त से मांग की है कि रोस्टर बनाकर फॉगिंग करायें, जिससे मच्छरों के प्रकोप से जनता बच सके। इस दौरान मुख्य रूप से समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, सुनील त्यागी, कोषाध्यक्ष कैलाश जैन, सुनीता श्रीवास्तव, महेश वाल्मीकि, सविता शुक्ला, अशोक बनर्जी, सत्यम श्रीवास्तव, सुमित गुप्ता, आरवी गुप्ता व आरएच शिवहरे शामिल रहे।

विद्यार्थियों से होती है शिक्षण संस्थान की पहचान-आनंद द्विवेदी

सेंट जोसेफ विद्यालय के दो दिवसीय 40वें वार्षिकोत्सव का हुआ समापन

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। शिक्षण संस्थान की पहचान उसके विद्यार्थियों से होती है। उक्त उद्गार भारतीय जनता पार्टी के लखनऊ महानगर अध्यक्ष, आनंद द्विवेदी ने विद्यालय समूह के दो दिवसीय ४०वें वार्षिकोत्सव समारोह के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि लखनऊ सेंट जोसेफ विद्यालय समूह से निकली प्रतिभाएं देश का नाम रोशन कर रही हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि सेंट जोसेफ विद्यालय परिवार समाज के साथ देश को सर्वगुण संपन्न सुयोग्य नागरिक प्रदान कर देश सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहा है। इस अवसर पर अपने संबोधन में संस्थापक अध्यक्ष डॉ पुष्पलता अग्रवाल ने कहा कि अपनी भारतीय संस्कृति व संस्कारों से परिचित कराना सेंट जोसेफकी परंपरा रही है। प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने कहा कि बड़ों के साथ-साथ बच्चों में भी थोड़ी सी आध्यात्मिकता उनमें अनेक अच्छाइयों व सद्गुणों का विकास करती है। इस अवसर पर आयोजित अभिव्यक्ति २०२६ में श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित 'यात्रा सारथी की' पर बच्चों ने अत्यंत ही भावपूर्ण प्रस्तुतियों से उपस्थित अपार जन.समूह को सम्मोहित कर दिया।

डांडिया सरगम उत्सव सम्पन्न

लखनऊ। राजधानी में गुडम्बा थाना अंतर्गत कुर्सी रोड जानकीपुरम स्थित सरगम एपार्टमेंट में डांडिया के माध्यम से भक्ति एवं श्रद्धा भाव से सरगम परिवार ने डांडिया सरगम उत्सव का आयोजन किया गया। रंग बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं और बच्चों ने संगीत की धुन पर जमकर डांडिया नृत्य किया।इस आयोजन में दिव्या गोस्वामी कुमकुम विपाठी प्रियंका सिंह एवं अर्चना तनेजा का विशेष सहयोग रहा।

रहीमाबाद रेलवे क्रॉसिंग पर मरम्मत से 12 घंटे बंद रहा संपर्क मार्ग, राहगीर परेशान

मलिहाबाद, लखनऊ। उत्तर रेलवे द्वारा रहीमाबाद रेलवे क्रॉसिंग पर क्कलाइन में मरम्मत कार्य कराए जाने के कारण रहीमाबाद-माल रोड संपर्क मार्ग रविवार को पूरे 12 घंटे तक बंद रहा, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताते चलें कि सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ) उत्तर रेलवे, सण्डीला कार्यालय द्वारा उपजिलाधिकारी मलिहाबाद को लिखित सूचना पत्र द्वारा अवगत कराया गया था कि समपार संख्या-241-माल रोड से हरदोई-लखनऊ रोड संपर्क पर रेल मरम्मत कार्य के चलते रविवार सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक या कार्य पूर्ण होने तक सड़क यातायात बंद रहेगा।प्रशासन द्वारा पूर्व सूचना के बावजूद रविवार को बड़ी संख्या में वाहन चालक क्रॉसिंग पर पहुंच गए और बंद फाटक देखकर उन्हें वापस लौटना पड़ा। इससे क्रॉसिंग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इसके बाद राहगीर वैकल्पिक मार्ग दरोगा की चक्की से कैथुलिया होते हुए रहीमाबाद कृषि फार्म और माल रोड के रास्ते अपने गंतव्य तक पहुंचे, जिससे उन्हें 4-5 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ा।रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह मरम्मत कार्य रेल के सुरक्षित संचालन के लिए अति आवश्यक था। शाम को कार्य पूर्ण होने के बाद संपर्क मार्ग को पुन: आवागमन के लिए खोल दिया गया।

प्रदेश के हजारों न्यायालय कर्मचारियों ने सत्याग्रह कर बुलंद की आवाज

लखनऊ । दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर रविवार को राजधानी लखनऊ के इको गार्डन में प्रदेशभर के जनपद न्यायालय कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी सत्याग्रह किया। विभिन्न जनपदों से पहुंचे हजारों कर्मचारियों ने शासन स्तर पर वर्षों से लंबित मांगों के शीघ्र निस्तारण की आवाज बुलंद करते हुए सम्मानजनक वेतनमान, बेहतर सेवा शर्तों और कर्मचारी हितों की रक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। जनपद न्यायालय कर्मचारियों की तरफ से प्रदेश महासचिव नरेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि शासन स्तर पर हमारी निम्न मांगे वर्षों से लंबित है जिनमें 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत गठित कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि तथा उच्च न्यायालय द्वारा शासन को प्रषित संस्तुति के आलोक में सेवा नियमितीकरण की प्रक्रिया में शीघ्रता की जाए, कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक पद पर पदोन्नति हेतु निर्धारित अर्हकारी सेवा में 50त्न शिथिलीकरण संबंधी उच्च न्यायालय द्वारा शासन को प्रेषित नियमावली संशोधन प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृत कर नियमावली में आवश्यक संशोधन किया जाए, उच्च न्यायालय द्वारा पेड अप्रेन्टिस पदों को कनिष्ठ सहायक पदों में समायोजित किये जाने हेतु शासन को प्रेषित प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृत कर नियमावली में आवश्यक संशोधन किया जाए, जनपद न्यायालयों में बयान लेखक के पदों का सृजन किया जाए, जनपद न्यायालयों में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारियों के पदों को राजपत्रित पद का दर्जा प्रदान किया जाए।

ग्रंथ शब्द शिल्पी शलभ का लोकार्पण

लखनऊ। हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में रविवार को वरिष्ठ हास्य कवि,गीतकार, ग़ज़लकार और गायक राजेश अरोरा शलभ की 6 दशकों की यात्रा पर प्रकाशित ग्रंथ शब्द शिल्पी शलभ का लोकार्पण हिन्दी संस्थान के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व लविवि के पूर्व कुलपति गोपबंधु पटनायक व विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ.अनिल रस्तोगी ने किया।। इस ग्रन्थ का सम्पादन मुरादाबाद के डॉ.महेश दिवाकर ने किया है । इस अवसर पर महेश दिवाकर ने कहा कि हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में राजेश अरोरा शलभ का अकूत योगदान है । वे बहुआयामी प्रतिभा से सम्पन्न व्यक्ति हैं । इस ग्रंथ में उनकी 60 वर्षीय सृजन यात्रा पर शताधिक साहित्यकारों, कलाकारों व समीक्षकों ने उनकी साहित्यिक उपलब्धियों की चर्चा की है। बिम्ब के मुख्य संरक्षक व हास्य कवि सूर्यकुमार पांडेय ने कहा कि कविवर राजेश अरोरा शलभ कलायित्री व भावयित्री दोनों प्रकार की काव्य.कला के धनी हैं।

बंथरा में जमीन की बाउंड्रीवाल तोड़कर कब्जे का प्रयास

बंथरा। बंथरा के हमीरपुर मजरे में जमीन पर कब्जे के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। अधिवक्ता शिवबहादुर सिंह चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 22 अक्टूबर की शाम कुछ लोगों ने उनकी जमीन की बाउंड्रीवाल तोड़ दी और गेट का एक पल्ला उखाड़कर उठा ले गए। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बंथरा थाने में आरोपियों के खिलाफ के मुकदमा दर्ज कराया है।

बंथरा के कटी बगिया से पल्सर बाइक चोरी

बंथरा। बंथरा क्षेत्र के कटी बगिया में घर के बाहर खड़ी पल्सर एन-160 बाइक चोरी हो गई। कानपुर के चकेरी निवासी गौरव पाल के मुताबिक, उन्होंने 10 अक्टूबर की शाम करीब 7ः30 बजे अपनी काले रंग की बाइक खड़ी की थी। अगले दिन सुबह बाइक गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। पीड़ित ने बंथरा थाने में बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

चचेरे भाई के साथ गई थी पत्नी पति ने बंधक बनाने का लगाया था आरोप

मलिहाबाद लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कनार निवासी समीर द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो के माध्यम से अपनी पत्नी एवं डेढ़ वर्षीय पुत्री के लापता होने तथा जनपद प्रतापगढ़ के चिलबिला में बंधक बनाकर रखे जाने की सूचना प्रसारित की गई थी। वीडियो में समीर की सास ने बताया था कि उनकी पुत्री ने शैलेन्द्र गौतम के मोबाइल फोन से संपर्क कर वापस आने की इच्छा व्यक्त की है। मामले का संज्ञान लेते हुए थाना मलिहाबाद पुलिस ने प्रकरण की जांच की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि समीर की 22 वर्षीय पत्नी अपनी डेढ़ वर्षीय पुत्री के साथ गांव के ही निवासी शैलेन्द्र गौतम ;25 वर्ष के साथ दिनांक 22.10.26 को चली गई है।पुलिस के अनुसार आरोपी शैलेन्द्रए शिकायतकर्ता समीर का रिश्ते में चचेरा भाई लगता है। शिकायतकर्ता की पत्नी द्वारा अपनी मां को फोन किए जाने की पुष्टि नहीं हुई है।

गीता रसामृतम-2 में बही ज्ञान गंगा, भक्ति में डूबे भक्त



लखनऊ। दो दिवसीय श्रीमद भगवत गीता ज्ञान महोत्सव गीता रसामृतम-2 का आयोजन श्री श्री राधा रमण बिहारी जी मन्दिर शहीद पथ मे किया गया। जिसके द्वितीय एवं अंतिम दिवस का शुभारम्भ मन्दिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभुजी, श्रीमती अचिन्त्य रूपिणी माताजी, निदेशक इस्कॉन गर्ल्स फोरम, श्रीमान वीके सिंह, डीजीपीसाइबर क्राइम उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पुनीता सिंह, माताजी व राहुल चन्दानी प्रभु सहित अन्य वरिष्ठ भक्तों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर इस्कॉन मंदिर अध्यक्ष एवं वक्ता अपरिमेय श्याम प्रभु ने बताया कि हिन्दू धर्म में 33 करोड़ देवी देवताओं में से परम पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण ही मूल है,उन्होंने हमें बताया कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखने पर यह ज्ञान होता है कि अच्छे लोगों के साथ बुरा तथा बुरे लोगों के साथ अच्छा कभी नहीं हो सकता है यह तभी तक रहता है जब तक व्यक्ति के पुण्य उसके साथ रहते हैं। उन्होने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण 06 ऐश्वार्यों से परिपूर्ण हैं, जो पूर्ण ज्ञानवान, पूर्ण सौंदर्यवानए पूर्ण बलवान, पूर्ण धनवान, पूर्ण यशवान एवं पूर्ण वैराग्यवान हैंए जो सभी को आकर्षित करने वाले हैं।